राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'बिहार दिवस' के सुअवसर पर बिहारवासियों को बधाई दी

पटना, 21 मार्च 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'बिहार–दिवस' (22 मार्च, 2021) के सुअवसर पर सभी बिहारवासियों और प्रवासी बिहारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

अपने शुभकामना–संदेश में राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि बिहार शांति, सद्भावना, साधना, अहिंसा, ज्ञान, कर्म, बंधुता और प्रेम की पावन भूमि है। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासतों से सुसमृद्ध बिहार राज्य निरन्तर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने में भी गौरवशाली बिहार की महत्वपूर्ण भूमिका है।

राज्यपाल ने समस्त राज्यवासियों से बिहार की समग्र प्रगति के साथ–साथ दृढ़संकल्पित होकर राष्ट्रीय नव निर्माण में भी अपनी महती भूमिका निभाने का अनुरोध किया है।

....